www.livehindustan.com
हिन्दुस्तान
जमशेदपुर, सोमवार, 23 जून 2025


# एनएसयू का दीक्षांत समारोह आज

जमशेदपुर। नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय (एनएसयू) का तीसरा दीक्षांत समारोह सोमवार को आयोजित किया जाएगा। इस विशेष अवसर पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और ओडिशा की शैक्षणिक सलाहकार प्रो. डॉ. शुक्ला मोहंती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मदन मोहन सिंह, कुलपति डॉ. प्रभात कुमार पाणि, विभिन्न विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी और उनके अभिभावक शामिल होंगे। विभिन्न संकायों से लगभग 1700 छात्रों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी।